हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 15 जुलाई 2024

06 वन विभाग की 30 हेक्टेयर भूमि से हटाया लोगों का ...



08 इस्कान ने श्री जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा देवी की ...





## खबर संक्षेप

### नवविवाहिता ने लगाई फांसी

**सीहोर।** कोतवाली थाना अंतर्गत छोटी ग्वालटोली निवासी 26 वर्षीय नवविवाहिता ने अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि वह कुछ दिन से गंभीर बीमारी के चलते मानसिक तनाव में थी। उसका विवाह लगभग 7 माह पूर्व भोपाल में हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार छोटी ग्वालटोली निवासी स्व. राधेश्याम यादव की 26 वर्षीय पुत्री ज्योति का विवाह दिसम्बर में भोपाल में हुआ था। बताया जाता है कि लगभग 2 माह पूर्व उसे ब्लड कैंसर हो गया था। उसके बाद से ही वह मानसिक तनाव में रहने लगी थी। कुछ दिन पूर्व ही वह अपने मायके आई थी। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह उसने अपने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को पीएम के लिए भेजा है।

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर को

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। मतदाता सूची एक जनवरी 2024 की संदर्भ तारीख के आधार पर बनाई जाएगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को होगा। सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग ने बताया है कि रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति और उनका प्रशिक्षण किया जाएगा। मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण का प्रस्ताव तैयार कर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दिया जाएगा। फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 19 जुलाई को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे आपत्ति 19 जुलाई से 2 अगस्त तक लिए जाएंगे। प्राप्त दावे-आपत्तियों के निराकरण की अंतिम तिथि 9 अगस्त है। फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 12 सितंबर 2024 को किया जाएगा।

### छात्रवृत्ति के लिए 31 जुलाई तक होंगें आवेदन

**सीहोर।** सामान्य, अनारक्षित वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विदेश में स्नातकोत्तर एवं पीचएडी उपाधि के लिए छात्रवृत्ति योजना सत्र 2024-25 (सत्र जुलाई से दिसम्बर 2024) के अन्तर्गत आवेदन आंमत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। योजनांतर्गत पात्र विद्यार्थी आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई को सायं 6 बजे तक कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, तृतीय तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल में स्वयं अथवा वाहक अथवा डाक द्वारा द्वारा अपना आवेदन जमा कर सकेंगे।


## कुबेरेश्वरधाम पर उमड़ा आस्था का सैलाब, समिति ने की तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं के बैठने का इंतजाम

# जैसे-जैसे ईश्वर की भक्ति में डूबते जाओगे तब जीवन के आनंद की अनुभूति होगी: पं. मिश्रा

पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि एक छोटा सा जीवन है मनुष्य का उस जीवन में हम कैसे भक्ति साधना कर सकते हैं जीवन को भक्तिपूर्ण बना सकते हैं ये शिवपुराण कथा बताती है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जो मनुष्य निर्मल मन का होता है, वही मुझे पाता है। मुझे कपट और छल-छिद्र नहीं सुहाते। भगवान महादेव आपके विश्वास, भरोसे और मन की कोमलता से प्राप्त होते है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में रविवार से आरंभ हुई सात दिवसीय शिव महापुराण के पहले दिन अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। कथा के पहले दिन ईसा और गौर की झांकी सजाई गई थी और उसके बाद आरती आदि का आयोजन किया गया।

पंडित मिश्रा ने कहा कि एक छोटा सा जीवन है मनुष्य का उस जीवन में हम कैसे भक्ति साधना कर सकते हैं जीवन को भक्तिपूर्ण बना सकते हैं ये शिवपुराण कथा बताती है। जैसे जैसे ईश्वर की भक्ति में डूबते जाओगे तब जीवन के आनंद की अनुभूति होगी। आपने शिव जी को एक लोटा जल चढ़ाया है तो वह आपका साथ कभी नही छोड़ते। क्योंकि यह शिव ही है, जो आपके साथ जीवित अवस्था में भी रहते हैं और मरने के बाद श्मशान में भी। इसलिए कहता हूं एक लोटा जल सब समस्या का हल। रविवार को करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालु कथा का श्रवण करने पहुंचे थे। क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, सेवादारों, शिवभक्तों और कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा। वहीं ट्रैफिक, पार्किंग से लेकर बैठक और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने योगदान दिया है।

### इंसान से नहीं ईश्वर से जुड़ने का प्रयास करो

शिव महापुराण के पहले दिन भागवत भूषण पंडित श्री मिश्रा ने कहा कि हम ईश्वर से संबंध बनाने की जगह इंसान से संबंध बनाने की कोशिश करते है, इसलिए इधर-उधर भटकते रहते है। इसलिए कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है।

### श्रद्धालुओं के लिए कथा श्रवण के लिए लगाए तीन बड़े पंडाल

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गुरुदेव के आदेश अनुसार इस वर्ष श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए यहां पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए समिति के व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला आदि ने कथा स्थल पर तीन भव्य वाटर पूरफ पंडाल बनाए गए है, जिससे धूप और बारिश से श्रद्धालु को कोई दिक्कत नहीं हो रही है। रविवार को एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया और यहां पर भोजन प्रसादी आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम के आयोजन के लिए अपर जिला दण्डाधिकारी वृंदावन सिंह द्वारा अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी ड्यूटी आदेश के निर्देशानुसार एसडीएम तन्मय वर्मा की सम्पूर्ण व्यवस्था प्रभारी, संयुक्त कलेक्टर आनन्द सिंह राजावत एवं तहसीलदार नीलम परसेंडिया को आयोजन स्थल एवं मंदिर परिसर के अन्दर की सम्पूर्ण व्यवस्था का दायित्व सौंपा गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी सुनील बोहित की भोजन शाला की सम्पूर्ण व्यवस्था के लिए, नायब तहसीलदार नवल किशोर की जगदीश फ्यूल बायो से आयोजन स्थल तक यातायात व्यवस्था के लिए, नायब तहसीलदार चंचल जैन की भटोनी जोड से आयोजन स्थल तक यातायात व्यवस्था के लिए ड्यूटी लगाई है।

### कार्यक्रम स्थल पर बनाया मिनी आईसीयू

कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर तत्काल उपचार के लिए कार्यक्रम स्थल पर 5 बिस्तरीय मिनी आईसीयू की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही स्वास्थ्य केंद्र एवं कैंप में श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाओं का वितरण किया जाएगा।

### नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर पहुंचे कुबेरेश्वरधाम

जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में आठ दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने अमले को ड्यूटी पर तैनात किया है। भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा से नपाध्यक्ष राठौर ने सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित सहित अन्य पार्षदों की उपस्थिति में भेंट की और पंडित मिश्रा के साथ तैयारियों का जायजा लिया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका सीहोर की ओर से करीब तीन दर्जन से अधिक सफाई मित्रों को यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के कार्य के लिए लगाया गया है, इसके अलावा चार पानी के टैंकर, फायर बिग्रेड, कचरा गाड़ी आदि की व्यवस्था भी की गई है। नगर पालिका अमले के द्वारा नियमित रूप से साफ सफाई कराई जा रही है। इसके अलावा भव्य आयोजन के लिए पेयजल और सफाई के विशेष इंतजाम आगे भी पूरी तरह किए जाऐंगे, जहां पर भी आवश्यकता होगी। वह बेहतर इंतजाम की व्यवस्था की जाएगी।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ, 7.50 करोड़ से बनेंगे हॉस्टल, स्मार्ट क्लास और लाइब्रेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत आने वाले चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, सांसद आलोक शर्मा, विधायक सुदेश राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल शामिल हुए। जानकारी के अनुसार प्रदेश के 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया गया है।

इसी तारतम्य में सीहोर के चन्द्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में भी प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन समारोह पूर्वक हुआ। बताया गया है कि शासन से महाविद्यालय को 7.50 करोड़ से अधिक की राशि आवंटित की गई है। जिससे महाविद्यालय में छात्रों के लिए हॉस्टल, नवीन स्मार्ट क्लास, लाईब्रेरी उन्नयन एवं नई शिक्षा नीति के अनुरूप उत्कृष्ट शिक्षा प्रदाय के लिए अन्य सुविधाएं प्रारंभ करना प्रस्तावित हैं। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के अन्तर्गत महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी काउन्टर, विद्या वन की स्थापना भी की जा रही है जिनका औपचारिक प्रारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। चिह्नित विद्या वन में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए नीम, ईमली, पीपल, महुआ, गूलर तथा फलदार पौधों की देसी प्रजातियां अतिथियों द्वारा रोपित की जांएगी। साथ ही विद्यार्थियों के सुगम आवागमन के लिए बस सुविधा भी प्रारंभ की जा रही है। चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बनाया गया है। जिसमें अब विद्यार्थियों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय में ही मध्यप्रदेश हिंदी ग्रन्थ अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तकें क्रय हेतु उपलब्ध कराई जा रही हैं। विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकें विद्यार्थी पुस्तक सहायता केन्द्र से क्रय कर सकता है।

## बोवनी के बाद आई किट: किसान बोले कृषि विस्तार अधिकारी फसल प्रदर्शन किट लेने बना रहे दबाव!

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




ब्लॉक में आने वाले कृषि विस्तार अधिकारियों ने शिकायत की है। जिनका कहना है कि उपसंचालक कृषि फसल प्रदर्शन किट किसानों को बेचने के लिए जबरन दबाव बना रहे हैं। सभी कृषि विस्तार अधिकारियों को किट बेचने के टारगेट दिए गए हैं। जबकि क्षेत्र में खरीफ फसलों की बोवनी किसान कर चुके हैं। अब ऐसी स्थिति में किसान सोयाबीन का बीज लेने को तैयार नहीं हैं। किसानों से जुड़े इस पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर से भी की है।

गौरतलब है कि खरीफ फसलों की बोवनी के बाद किसान कीटनाशक दवा छिड़काव कार्य में लगे हैं। खेतों में सोयाबीन की फसलों में कीट व्याधी और पत्ते पीली पड़ने की शिकायत भी मिल रही है। क्षेत्र में बारिश थमी हुई है ऐसे में किसान परेशान हैं, जबकि जिम्मेदार कृषि विभाग में तो अफसर आपस में ही उलझे पड़े हैं। कृषि विस्तार अधिकारियों ने उपसंचालक कृषि कल्याण केके पांडेय के खिलाफ आरोप लगाए हैं। जिनका कहना है कि एक एबीडीसी कंपनी की फसल प्रदर्शन किट बेचने के लिए उन पर डीडीए पांडे दबाव बना रहे हैं। उल्लेखनीय खेतों में खरीफ फसलों की बोवनी को करीब एक पखवाड़ा से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन कृषि विभाग में सब्सिडी वाला सोयाबीन बीज और फसलों की पोषण तत्व संबंधी किट आई है। लेकिन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी किसानों को बीज के साथ फसल सुरक्षा किट देने के निर्देश मिलने के बाद असमंजस की स्थिति में हैं क्षेत्र में बोवनी हो चुकी है। जबकि किसानों को कहना है कि यह किट और बीज एक माह पहले मिलते तो हमें मंहगी कीमत नहीं चुकानी पड़ती।

### झूठी शिकायत करवा रहे हैं

इस संबंध में डीडीए सीहोर केके पांडे का कहना है कि किट बेचने का कोई दबाव नहीं बनाया। ग्रामीण कृषि अधिकारी खुद खेतों में नहीं जाते यह लोग कीटनाशक दवाओं का सैंपल नहीं ले रहे हैं। इनकी लापरवाही से सोयाबीन की फसल पीली पड़ रही है। किसान कहीं से भी बीज और कीटनाशक ले सकता है।

## डेंगू-मलेरिया के नियंत्रण में आमजन से सहयोग की कलेक्टर ने की अपील

# जिले में बनाई जा रही हैं 60 हजार से अधिक ऑयल बॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में डेंगू-मलेरिया पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह की पहल पर 'ऑयल बॉल को बनाकर हथियार, मलेरिया डेंगू को भगाएंगे इस बार' अभियान 16 जुलाई को पूरे जिले में एक साथ शुरू किया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने बताया कि ठहरे हुए पानी में मलेरिया और डेंगू के मच्छरों के लार्वा नियंत्रण के लिए ऑयल बॉल सबसे सस्ता और कारगर उपाय है। उन्होंने बताया कि जिले के ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्र में अभियान के रूप में 16 तारीख को एक साथ पूरे जिले में ठहरे हुए पानी में 60 हजार से अधिक ऑयल बॉल डाली जाएंगी। उन्होंने बताया कि ऑयल बॉल लकड़ी के बुरादे, खराब ऑयल और अनुपयोगी कपड़ों से तैयार की जाती है।

**60 हजार से अधिक ऑयल बॉल की जा रही है तैयार :** कलेक्टर प्रवीण सिंह ने बताया कि मच्छरों की बढ़ती संख्या के नियंत्रण लिए 16 जुलाई को पूरे जिले में ₹आयल बॉल को बनाकर हथियार मलेरिया डेंगू को भगायेगे इस बार₹ अभियान को मूर्त रूप देने के लिए 60 हजार ऑयल बॉल तैयार की जा रही हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत में 100-100 ऑयल बॉल तैयार करने का कार्य द्रुत गति से चल रहा है। जिले की 542 ग्राम पंचायतों में 54,000 हजार से अधिक तथा जिले की सभी नगरीय क्षेत्रों में 6,000 से अधिक ऑयल बॉल बनाने का काम तेजी से चल रहा है।



**इस तरह बनाई जाती है ऑयल बॉल :** कलेक्टर सिंह ने बताया कि वर्षा काल में मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण के लिए एवं मच्छरों की बढ़ती संख्या को नियंत्रण के लिए जले हुए तेल, मोटरआईल से निर्मित बॉल (गेंद) बनाई जाती है। यह बॉल लकड़ी के बुरादे को सूती कपड़े में लपेटकर और फिर जले हुए तेल में भिगोकर बनाई जाती है। इस बॉल को जहां भी पानी भरा हुआ हो जैसे - गड्डो में, नाले में, खाली प्लाट में या ऐसी सभी जगह जहां पानी की निकासी लम्बे समय तक न हो सके वहां पर फेंका जाता है ।

**16 जुलाई को प्रातः 10 से 11 बजे के बीच डाली जाएगी ऑयल बाल :** कलेक्टर सिंह ने बताया कि 16 जुलाई को समस्त ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों में प्रातः 10 बजे से अभियान के रूप में प्रारंभ किया जायेगा तथा 15 दिवस पश्चात इस प्रक्रिया को पुनः दोहराया जाएगा। ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकायों का अमला ऑयल बाल का निर्माण कर ठहरे हुए पानी में डालेगा।

### ऐसे काम करती है ऑयल बॉल

लकड़ी के बुरादे, सूती कपड़े और जले हुए तेल से तैयार की गई ऑयल बॉल गड्डो में, नाले में, खाली प्लाट में या ऐसी सभी जगह जहां पानी की निकासी लम्बे समय तक न हो सके वहां पर डाला जाता है। ऑयल बॉल से तेल निकल कर पानी के पूरे सतह को कवर कर लेता है। जिससे मच्छर के किसी भी प्रकार के लार्वा को सांस लेने हेतु ऑक्सीजन नहीं मिल पाती है, जिससे वह पनप नहीं पाता है।

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने आमजन से अपील की है की बरसात के मौसम में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया से बचाव के लिए गंदे पानी की उचित निकासी करें। घरों के आसपास गंदा पानी जमा न होने दें। जमा हुए पानी में जला हुआ आयल या ऑयल बॉल डालें, जिससे लार्वा न पनप सके। उन्होंने कहा कि सबसे किफायती ऑयल बॉल का उपयोग कर डेंगू मलेरिया के नियंत्रण में सहयोग प्रदान करें।

## 31 जुलाई को होगा अंतर्राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन



**सीहोर।** नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दंगल का आयोजन किया जा रहा। दंगल 31 जुलाई को होगा। दंगल में भारत के कौने-कौने से अंतर्राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम के आयोजक प्रिंस राठौर छोटे ने बताया कि कार्यक्रम में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हैदराबाद, बनारस, महाराष्ट्र, बेतुल, भोपाल के रुस्तम पहलवान अपना दम दिखायेगें। जिसमें सीहोर के भी युवा चैंपियन पहलवान विशेष रूप से भाग लेंगे। शहर के युवा पहलवानों में दंगल को लेकर काफी उत्साह है। कार्यक्रम का उद्देश्य शहर का नाम पहलवानी में कायम बना रहे और युवा पहलवानों का उत्साह बढ़ाना है। कार्यक्रम आयोजक नीलेश राठौर, छोटा प्रिंस राठौर, सत्यम राठौर, दीपांशु राठौर, हर्ष मेवाड़ा, सुरेंद्र सोनी, आकाश रजक सहित हिंदरक्षक युवा समिति के सदस्य जोरों से तैयारी में लगे हुए हैं। सीहोर के सारे अखाड़े के पहलवान खलीफा उस्ताद भी इस कार्यक्रम को भव्य बनाने में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। पप्पू पहलवान, गोविंद पहलवान, अजय बड़े भाई पहलवान, राजू पहलवान, किशन पहलवान अपने-अपने अखाड़ों के पहलवानों को तैयार कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### हुसैन की याद में किया पौधरोपण

**सीहोर।** छठी शरीफ के उपलक्ष्य में हजरत दूल्हा बादशाह की दरगाह परिसर में शनिवार को ईमाम हुसैन की याद में पौधरोपण किया गया। हजरत दूल्हा बादशाह दरगाह सर्वधर्म कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान ने कहा कि मुहर्रम की दसवीं तारिख को पैगंबर मुहम्मद के नवासे इमाम हुसैन उस दौर के अतिक्रूर बादशाह यजीद से करबाला की जंग में शहीद हो गए थे। इमाम हुसैन की कुर्बानी की याद में आम का पौधा दरगाह परिसर में लगाया गया है। राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के अध्यक्ष एवं सर्वधर्म कमेटी सचिव नौशाद खान द्वारा कमेटी के सभी सदस्यों को पौधें की हमेशा देखभाल करने के लिए भी पाबंद किया गया है। दरगाह में छठी शरीफ के मौके पर देश की सरहदों पर शहीद हुए वीर जवानों के लिए भी दुआ की गई। इस मौके पर सर्वधर्म दरगाह कमेटी के भंवर लाल, सादिक कुरैशी, आमिर हुसैन, अनवर बाबा खादिम, सोहेल मस्तान, अमान मस्तान, अकरम शाह, मनोज खत्री तमाम लोग शामिल हुए।

### अमरनाथ यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का स्वागत



**सीहोर।** बाबा अमरनाथ गुफा के दर्शन कर वापस लौटे श्रद्धालुओं के जत्थे का नगर आगमन पर माल्यपर्ण कर जोरदार स्वागत किया गया। नगर के श्रद्धालुओं का जत्था बाबा अमरनथ सेवा मंडल मंडी के तत्वाधान के नेतृत्व में बाबा अमरनाथ गुफा के दर्शन को विगत दिनों सीहोर स्टेशन से मालवा एक्सप्रेस से रवाना हुआ था। शनिवार को बाबा अमरनथ सेवा मंडल मंडी के अध्यक्ष राम भरोस यादव के नेतृत्व में लौटने पर जिला संस्कार मंच सहित अन्य संगठनों ने स्वागत किया। इस मौके पर श्री यादव ने बताया कि वह लगातार 10 सालों से मंडल के तत्वाधान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ जाते है। करीब एक सप्ताह से अधिक बाबा अमरनाथ की यात्रा के दौरान प्राकृतिक आपदाओं के बाद भी हमारे द्वारा बाबा के दर्शन किए गए थे। बाबा अमरनाथ जी वैष्णो देवी शिव खोरी अयोध्या धाम काशी विश्वनाथ के दर्शन करके सीहोर बाबा अमरनाथ सेवा मंडल गल्ला मंडी सीहोर का जनता सीहोर स्टेशन पहुंचा था।

**अभियान :** नप को 20 बकायादारों से वसूलना है 58 लाख 18 हजार 500 रुपए

# नेशनल लोक अदालत में नगर पंचायत को संपत्ति और जल कर के मिले सिर्फ 5 लाख

नगर पंचायत ने पिछले 17 सालों से बकाया राशि जमा ना करने वाले बकायादारों के नाम सार्वजनिक कर दिए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा




बजट की तंगी से जूझ रही नगर पंचायत को शनिवार को नेशनल लोक अदालत में भी पांच लाख से ज्यादा की राहत नहीं मिल सकी। नगर परिषद को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित लोग अदालत में संपत्ति कर के 458201 रुपए और जलकर के 107404 रुपए ही वसूल हो पाए। नगर परिषद को शहरवासियों से विभिन्न करों के रूप में 2 करोड़ 10 लाख 54 हजार 252 रुपए की राशि वसूलना है।

इसके अलावा नगर पंचायत ने पिछले 17 सालों से बकाया राशि जमा न करने वाले बकायादारों के नाम सार्वजनिक कर दिए हैं। ये लोग नगर पंचायत की राशि जमा करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। ऐसी स्थिति में अब नप बकायादारों को अंतिम चेतावनी नोटिस देकर दुकान आबंटन निरस्त करने की कार्रवाई करेगी। बता दें कि समय पर वसूली अंतिम नोटिस देकर दुकान आवंटन निरस्त करने की होगी कार्रवाई न होने से नप की माली हालत कर वसूली को लेकर अभियान चलाए जाने के बाद भी पर्याप्त वसूली नहीं हो सकी है। 20 बकायादारों से वसूलना है 58 लाख 18 हजार 500 रुपएः वर्ष 2007 में यूआईडीएसएसएमटी योजना के तहत शनि मंदिर में 38 दुकान व वर्ष 2015 में पुराना बाल बिहार में 6 दुकानों को नीलामी के दौरान बोली लगाकर खरीदा गया था। दोनों ही काम्पलेक्स की 44 दुकानों में से 24 बोलीकर्ता ने ही निर्धारित राशि जमा की। 20 बोलीकर्ता की 58 लाख 18 लाख 500 रुपए की राशि 17 सालों से बकाया है। इस राशि में अधिभार जुड़ना शेष है। नप के द्वारा वसूली को लेकर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके चलते 20 दुकानों के बकायादारों के नाम सार्वजनिक किए जा चुके है। जिनमें प्रमुख रूप से संतोष जाट 150000 हजार, गणेश जाट 368500, संतोष गुप्ता 30 हजार, अरुण सोनी 442500, रामकृष्ण पंवार 391500, राधा सोनी 390000, पुष्पा बाई मीणा 525000, ममता खण्डेलवाल 563250, मनोरमा शर्मा 444000, गबूलाल 424000, अशोक भाटी 3 लाख9000, राजेश वर्मा 150750, अनिल शर्मा 200000, विकास व्यास 100000, नीरज जैमिनी 300000, सरोज सोनी 3 लाख 750, सरबर खां जलाल खां 264750, विशाल व्यास 120750, नईम फरीद खां 144000, किरण मीणा 200000 रुपए वसूलना है।

### कर्मचारियों को 1 माह देरी से मिल रहा वेतन

नगर परिषद ने 150 के लगभग कर्मचारी कार्यरत है, जो पेयजल सप्लाई, सफाई से लेकर कार्यालय का काम देखते है। लेकिन नगर परिषद के कोष में बजट न होने से इन्हे समय पर वेतन भी नहीं मिल पा रहा है। करदाताओं द्वारा समय पर कर जमा ना करने का खामियाजा इन्हें प्रतिमाह भुगतना पड़ता है। संपत्ति, शिक्षा, नगरीय विकास, भूमि-भवन, लगातार खराब हो रही है। कई बार कॉम्पलेक्स व जल कर की वसूली एक नजर में नगर परिषद से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल 2024 से 30 जून 2024 तक नप को शहरवासियों से 2 करोड़ 10 लाख 54 हजार 252 रुपए की राशि वसूलना है। जिसमें सम्पत्ति कर, समेकित कर, नगरीय विकास उपकर, शिक्षा उपकर, भूमि-भवन किराया, काम्पलेक्स, दुकान किराया, सामान्य जलकर सहित अधिभार की राशि शामिल है। नप को 30 मार्च 2024 तक कुल 2 करोड़ 17 लाख 34 हजार 380 रुपए की वसूलना थी, जिसके एवज में तीन माह में नप के पास 6 लाख 80 हजार 128 रुपए की वसूली ही हो पाई थी। नप को 5662 दर्ज संपत्तियों में 5319 संपत्तियों व भूमि-भवन किराए के 591 व काम्पलेक्स दुकान किराए की 151 संपत्तियों से राशि की वसूली करना है।

### फिर से किया जाएगा दुकानों का आवंटन

नप सीएमओ प्रफुल्ल गठरे ने बताया कि नीलामी कर्ताओं को 17 साल में कई बार नोटिस जारी करने के बाद भी शेष बकाया राशि जमा नहीं की जा रही है। अब उन्हें अंतिम मौका और दिया जा रहा है। यदि 1 माह में राशि जमा नहीं करते है तो जमा राशि को राजसात करते हुए दुकानों का आवंटन फिर से किया जाएगा।

### अधिक ब्याज वसूलने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सूदखोरी के मामलों को लेकर अब प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। इसके लिए प्रशासन ने नागरिकों से जानकारी मांगी है ऐसे लोगों के बारे में बताने को कहा गया है जो बिना लाइसेंस के भी ब्याज पर लोगों को पैसे दे रहे हैं और भारी प्रतिशत ब्याज वसूल रहे हैं।

जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन के यहां संज्ञान में लाया गया है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा रुपए सूद ब्याज पर देने का काम किया जा रहा है। उनके पास पैसा ब्याज पर देने का साहूकारी लाइसेंस नहीं है। जिनके पास यह लाइसेंस है, तवे भी लोगों को उच्च ब्याज दर पर रुपया उधार दे रहे है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने इसे गंभीरता से लेते हुए नागरिकों से कहा है कि जो भी व्यक्ति ऐसे सूदखोरों के संबंध में शिकायत करना चाहते हैं, वे 15 एवं 24 जुलाई को कार्यालयीन समय दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक कलेक्टर कार्यालय में शिकायत कर सकते हैं। शिकायतकर्ता का नाम एवं उनकी शिकायत पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

### ट्रांसफार्मर खराबः 1912 पर करें शिकायत

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है की मानसून सीजन के दौरान आंधी, बारिश एवं अन्य व्यवधान के कारण वितरण ट्रांसफार्मर फेल होने की शिकायतें 1912 पर दर्ज करा सकते हैं।

## मरीह माता मंदिर में कन्या-पूजन के पश्चात किया गया हलवे की प्रसादी का वितरण

**गुप्त नवरात्रि के अंतिम दिन किया जाएगा कन्याओं को प्रसादी का वितरण**



**सीहोर।** इस साल भी शहर के विश्रामघाट मां चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी आषाढ़ गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिदिन हवन, यज्ञ, दुर्गा सप्त शती का पाठ के साथ पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण के अलावा कन्या भोज आदि का आयोजन भी किया जा रहा है। मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, पंडित उमेश दुबे, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शर्मा, जिला संस्कार मंच की ओर से जितेन्द्र तिवारी, राहुल सिंह, मनोज दीक्षित मामा, सुनील चौकसे, सुभाष कुशवाहा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, आशीष माहेश्वरी, पप्पू सेन सहित अन्य ने यहां गुप्त नवरात्रि के आठवें दिन कन्या पूजन किया और प्रसादी के रूप में हलवे की प्रसादी का वितरण किया गया। सोमवार को अंतिम दिन कन्याओं को प्रसादी का वितरण किया जाएगा। अष्टमी पर्व पर समाजसेवी अंजू अजय अग्रवाल, शालिनी माहेश्वरी आदि ने यहां पर महिलाओं को सुहाग की सामग्री का वितरण किया गया।

मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी का ध्यान-स्मरण, पूजन-आराधना भक्तों के लिए सर्वाधिक कल्याणकारी है। इनकी उपासना से मनुष्य के सभी पाप धुल जाते हैं, उपासक सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी दुर्गाजी की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है और नवरात्रि के आठवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इन्हें मां पार्वती (अन्नपूर्णा) के रूप में पूजा जाता है। इनका वर्ण पूर्ण रूप से गौर है,इसलिए इन्हें महागौरी कहा जाता है। इनके गौरता की उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से की गई है एवं इनकी आयु आठ वर्ष की मानी हुई है। इनके समस्त वस्त्र एवं आभूषण आदि भी श्वेत हैं। मान्यता के अनुसार अपनी कठिन तपस्या से मां ने गौर वर्ण प्राप्त किया था। तभी से इन्हें उज्जवला स्वरूपा महागौरी, धन ऐश्वर्य प्रदायिनी, चैतन्यमयी त्रैलोक्य पूज्य मंगला, शारीरिक मानसिक और सांसारिक ताप का हरण करने वाली माता महागौरी का नाम दिया गया। मां महागौरी का ध्यान-स्मरण, पूजन-आराधना भक्तों के लिए सर्वाधिक कल्याणकारी है। इनकी उपासना से मनुष्य के सभी पाप धुल जाते हैं, उपासक सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। उसके पूर्व संचित पाप भी नष्ट हो जाते हैं और भविष्य में पाप-संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं रहते। इनकी कृपा से आलौकिक सिद्धियों की प्राप्ति होती है। ये भक्तों के कष्ट जल्दी ही दूर कर देती हैं एवं इनकी उपासना से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। भक्तों के लिए यह देवी अन्नपूर्णा का स्वरूप हैं इसलिए अष्टमी के दिन कन्याओं के पूजन का विधान है। ये धन, वैभव और सुख-शांति की अधिष्ठात्री देवी हैं। धन-धन्य और सुख-समृद्धि की प्राप्ति के लिए मां गौरी की उपासना की जानी चाहिए।

**देवी सती की दस महाविद्याओं के लिए साधनाएं की जाती :** दीक्षित ने बताया कि देवी सती की दस महाविद्याओं के लिए साधनाएं की जाती हैं। ये साधनाएं विशेष साधक करते हैं। आम लोगों को नवरात्रि में देवी मां के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा करनी चाहिए। पूजा में मंत्र जप के साथ ही ध्यान भी करेंगे तो अशांति दूर होती है और सकारात्मकता बढ़ती है। इन महाविद्याओं में मां काली, तारा देवी, षोडषी, भुवनेश्वरी, भैरवी, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी, और कमला देवी शामिल हैं।

## वन विभाग की 30 हेक्टेयर भूमि से हटाया लोगों का अवैध कब्जा



**भैरूंदा।** क्षेत्र के वन परिक्षेत्र लाडकुई के नयापुरा गांव के निकट जंगल में शनिवार को गांव के ग्रामीणों द्वारा कब्जे वाली वन विभाग की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। प्रकाशचंद उईके के नेतृत्व वन परिक्षेत्र की जमीन पर कब्जाधारीयो से भूमि पर जेसीबी चला कर कब्जा हटाया गया।

सरकार की योजनाओं जल जीवन हरियाली को पूरा करने के लिए पौधरोपण कार्य में बाधक बन रहे थे। वन विभाग के द्वारा वन विभाग की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर वन मंडलाधिकारी के निर्देश पर कारवाई के लिए वन विभाग द्वारा अतिक्रमणकारियों के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे अभियान में लाडकुई वन अमले द्वारा कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों के कब्जे से 30 हेक्टेयर की जमीन को खाली कराया।

लोगों के द्वारा जमीन पर कब्जा कर खेती कार्य शुरू कर फ़सल की बुवाई कर दी गई थी अतिक्रमण को हटाने को लेकर जेसीबी से फ़सल को ध्वस्त कर अतिक्रमणकारियों को दोबारा वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी गई। लाडकुई वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाशचंद उईके ने बताया कि लाडकुई के वन परिक्षेत्र की भूमि सर्किल नयापुरा के अंतर्गत आने वाले वन क्षेत्र में अवैध रूप से कब्जा कर लोगो ने खेती कार्य शुरू कर दिया था 30 हेक्टेयर वन भूमि को इन लोगो के पास अतिक्रमण से मुक्त कराया।

खुशी लाल पिता गुलाब सिंह बारेला 10 हेक्ट,नांदा पिता धना बारेला 8 हैक्ट.डोंगर सिंह पिता धना बरेला 7 हेक्ट,सुरेश पिता रामेश्वर यादव 3 हेक्ट.चकल सिंह पिता रामसिंह बारेला 2 हेक्ट.गंगाराम पिता नाहर सिंह 1 हेक्ट.बबलू बारेला पिता बजीर .500, रेवसिंह बारेला पिता गुलाबसिंह 2 हेक्ट.ज्वारीलाल यादव पिता रामप्रसाद 1हेक्ट.एशरामपिता गुलाबसिंह बारेला 2 हेक्ट.मूरतलाल पिता सदाराम 5 हेक्ट लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था। जिससे सरकार के द्वारा चलाए जा रहे लाभकारी योजनाओं को पूरा करने में काफी कठिनाई हो रही थी। जिसके कारण इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वन विभाग की भूमि को मुक्त कराया गया है।

लाडकुई वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाशचंद उईके ने कहा कि वन भूमि पर कब्जा बर्दास्त नहीं किया जाएगा इसी तरह आगे भी निरंतर कारवाही जारी रहेगी।सूत्रों के मुताबिक आए दिन लाडकुई क्षेत्र के वन भूमि पर लगे पेड़-पौधों की कटाई कर भूमि को खेती योग्य बनाया जा रहा था।

### सलकनपुर धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी की बैठक हुई




**रेहटी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल सलकनपुर की आज एक महत्वपूर्ण बैठक सलकनपुर धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गुरु प्रसाद शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल सिलाई कला बोर्ड के अध्यक्ष मनोहर लाल महेश्वरी स्वर्ण कला बोर्ड के अध्यक्ष दुर्गेश सोनी युवा मोर्चा के प्रदेश के पूर्व मंत्री नीरज सिंह भाटी, वरिष्ठ भाजपा नेता आसाराम यादव रामगोपाल ट्रेलर रामनारायण साहू अनार सिंह चौहान सहित वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में महापुरुषों के चित्र पर माला अर्पण कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में आए अतिथियों का स्वागत रेहटी नगर परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र मीना पटेल द्वारा किया गया। स्वागत भाषण भारतीय जनता पार्टी मंडल सलकनपुर के अध्यक्ष प्रेम नारायण मीणा द्वारा दिया गया जिसके बाद अतिथियों द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि आप सब कार्यकर्ताओं द्वारा विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में मेहनत की उसका परिणाम है कि हमने एक रिकॉर्ड विजय हासिल की इसके बाद अतिथियों द्वारा बूथ स्तर पर समितियां का सम्मान भी किया गया इस मौके वरिष्ठ भाजपा नेता गजराज सिंह जी पटेल, मंडल महामंत्री पुरुषोत्तम यादव, महामंत्री सुभाष पाल युवा मोर्चा अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सोलंकी कृतिन जिराती शाहिद बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम के मंच का संचालन पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष बनवीर सिंह चंद्रवंशी द्वारा किया गया।

### पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने किया क्षेत्र का दौरा, बुधनी विधानसभा उपचुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से किया विचार-विमर्श



**इछावर।** कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह शनिवार को इछावर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर आएं इस दौरान उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भेंट कर अनौपचारिक बातचीत की। साथ ही आगामी बुधनी विधानसभा उप चुनाव को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेता ब्रजेश पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने श्री सिंह का गांव लसूडिया परिहार में भव्य स्वागत किया गया । पूर्व मंत्री को पुष्प मालाएं पहनाकर एवं ढोल ढमाकों के बीच पुष्प वर्षा कर जौरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से अंकुर ठाकुर , मनीष मेवाड़ा , टेनिस त्यागी , पांडा राठौर , उत्सव ठाकुर , वंश ठाकुर , सुदीप ठाकुर, अभिषेक, शुभम त्यागी, विक्की विश्वकर्मा , प्रियांशु परमार , यश यादव आदि के नाम शामिल है।

**बहुजन मुक्ति मोर्चा युवा प्रकोष्ठ ने राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन**

## नीट और यूजी पेपर ऑउट घोटाले की हो जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




नीट,यूजी पेपर ऑऊट मामले में बहुत सी अनियमिता पाई गई है। परीक्षा की धांधली में शामिल आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर शुक्रवार को बहुजन मुक्ति मोर्चा पार्टी युवा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष जितेंद्र मालवीय के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को ज्ञापन दिया है।

बीते 5 मई को परीक्षा से पूर्व पेपर लीक होने के सबूत सामने आये हैं बिहार के पटना से 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पेपर को पुर्व नियोजीत तरीको से आऊट किया गया है। लोखों विद्यार्थियों के साथ बड़ा घोटाला करते हुए 4 जून को लोकसभा चुनाव रिजल्ट के दिन ही बिना सूचना के रिजल्ट जारी कर अपनी गलती को छुपाने का काम नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट के द्वारा किया गया है। इस मामले में बड़े लेबल पर मिलीभगत हुई है। मिलीभगत से युवाओं के भविष्य के साथ सोची समझी रणनीती से खिलवाड किया गया है।

बहुजन मुक्ति मोर्चा पार्टी युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जितेंद्र मालवीय ने कहा कि छात्र हित में परीक्षा की धांधली में जो लोग पकडे गए है उन पर कड़ी कार्यवाही की जाए और परीक्षा निजीकरण अंतर्गत न हो सरकारी प्रशासन के नियंत्रण अंतर्गत कराई जाए। दोबारा परीक्षा मुक्त (फी) निष्पक्ष कराई जाए तथा किसी भी परीक्षार्थी से इस बार किसी भी प्रकार की कोई भी फीस नही ली जाए। परीक्षा में जिन विद्यार्थियों ने लीक हुए पेपर की मदद से परिक्षा दी है और गैर कानूनी तरीके से पूरे अंक हासिल किए उन विद्यार्थियों पर कुछ समय तक या पूर्णरूप से किसी भी परिक्षा में बैठने पर प्रतिबंध लगाया जाए। ज्ञापन सौपते समय जन्म सिंह परमार पंकज डगरिया, विक्रम मालवीय, जितेंद्र मालवीय, मुजफ्फर खान रामसिंह मालवीय, अशोक मालवीय, चांद सिंह मेवाड़ा, धन सिंह मालवीय आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## शनि देव मंदिर परिसर को हरा भरा बनाने किया पौधरोपण



**इछावर।** पर्यावरण संरक्षण और धरती को हरा भरा बनाने के लिए स्काउट गाइड जिला संघ द्वारा व्यापक पैमाने पर पौधरोपण किया जा रहा है। इसीके तहत प्रसिद्ध शनि देव मंदिर बारहखंबा देव स्थान परिसर में पूर्व बीआरसीसी व भारत स्काउट गाइड जिला संघ सीहोर के सचिव रमेश चंद्र मेवाड़ा और सांथियो द्वारा परिसर को हरा भरा ओर शुद्ध बनाने के लिए पौधरोपण किया गया ।जिसमें पीपल, कदम, नीमा,गुलमोहर और नीबू के पौधे लगाए गए । इस दौरान समिति के अनिल कुमार कर्मोदिय,दिनेश वर्मा,दीप सिंह वर्मा,मुकेश परमार, महिलाएं व भूरा भाई आदि उपस्थित थे। इस मौके पर श्री मेवाड़ा ने पौधों का महत्व बताते हुए कहा कि पौधे हमें ऑक्सीजन, स्वच्छ हवा, भोजन, दवा और वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करते हैं। पेड़ जलवायु को नियंत्रित करने, मिट्टी के कटाव को रोकने और जैव विविधता की रक्षा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह आवश्यक है कि हम भविष्य की पीढ़ियों के लिए पेड़ों और जंगलों को संरक्षित और सुरक्षित रखने के लिए काम करें इसी तारतम्य में सभी से अपील की सभी अपने खेत,कर्तव्य स्थल व वीरान सुगम स्थल पर एक पौधा अपनी मां या जन्मदिन पुण्य तिथि,विवाह,सलग्रह आदि के अवसर पर अवश्य लगाएं जिससे कि भविष्य में हम प्राकृतिक संतुलन बनाने में कामयाब रहे।


### निजी स्कूलों द्वारा निर्धारित की गई दुकानों पर ही मिल रही किताबें और स्कूल यूनीफॉर्म

# मनमानी : निजी पुस्तकें छपवाकर कमा रहे मुनाफा अभिभावक और विद्यार्थियों पर पड़ रहा अतिरिक्त बोझ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

नगर में नए शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही निजी स्कूलों की मनमानी भी प्रारंभ हो गई। मनमाना मुनाफा कमाने के लिए किताबें कॉपी ड्रेस तक निजी स्कूलों द्वारा तय की गई। दुकान से ही पेरेंट्स की जेब सरेआम काटी जा रही है। नगर में संचालित निजी स्कूलों द्वारा हर बार प्रवेश शुल्क बढ़ा दी जाती है प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के चलते शासन द्वारा तय किताबों के अलावा निजी पुस्तक के कोर्स में चला कर तेज दुकानों पे ही मिल रही है।

निजी स्कूल अपनी जेब भरने के लिए पिछले वर्ष का सिलेबस बदलकर नए वर्ष का सिलेबस चेंज करदेते है जिससे कोई गरीब बच्चा पिछले वर्ष की किताबें भी उपयोग नहीं कर सकता है। जैसे ही नए वर्ष के प्रवेश प्रारंभ होते हैं तो निजी स्कूलों की मनमानी के चलते पलकों की जेब पर डाका डालने का काम प्रारंभ कर देते हैं। निजी स्कूलों के द्वारा उनके मन चाहे प्रशाशको की कापी किताब लेने के लिए बाध्य किए जाने





लगा है। शहर के कहीं स्कूलों के हाल यह हैं कि जिन स्कूलों में बच्चों को एमपी बोर्ड व एनसीईआरटी की किताबें रखना चाहिए वह निजी प्रशासक की पुस्तक पढ़ने के लिए मजबूर हो रहे हैं। सूत्रों की माने तो निजी प्रशंसकों की पुस्तकों में स्कूल संचालक को 50 से 60 फीसदी तक कमीशन मिलता है। निजी स्कूल अपना सिलेबस चला रहा है। अभिभावकों ने बताया की बड़ी संख्या में निजी स्कूल खुल रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल से तो मानता ले रखी है लेकिन हिंदी और अंग्रेजी माध्यम से उनके द्वारा पाठ्यक्रम निजी स्कूलों का चलाया जा रहा है। स्कूल संचालक खुद अपना सिलेबस तय करके पुस्तक पर मनमानी कीमत छपा कर रखते हैं। जिसमें उनका मोटा मुनाफा हो सके, नगर के कई निजी स्कूलों में खेल मैदान नहीं है फिर भी इनको मान्यता कैसे दे रखी है। खेल मैदान नहीं होने से नैनीताल का भविष्य खराब हो रहा है हालत यह है कि कहीं स्कूल तो चार कमरों में ही संचालित हो रहे हैं।

#### सर्व सुविधा युक्त का कहकर चल रही लूट

निजी स्कूलों में एडमिशन के नाम पर मनमाना पैसा लिया जाता है। स्कूलों में बच्चों के लिए भले ही पर्याप्त सुविधाएं और साधन ही ना हो लेकिन एडमिशन फीस पूरी ली जाती है। कई निजी स्कूलों में वाहनों के नाम पर तूफान गाड़ियां मैजिक लगे हुए हैं जिससे वहां के नाम पर पलकों से मनमाना पैसा वसूला जाता है। सूत्रों के द्वारा बताया जाता है कि स्कूल एडमिशन फीस में गत वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई शहर में संचालित कुछ प्रतिष्ठित निजी स्कूलों में कंप्यूटर खेल और अन्य कोर्सों के नाम पर हजार रुपए तक अधिक लिए जा रहे हैं।

#### कार्रवाई करेंगे...

एक ही दुकान पर किताब मिल रही तो इन पर कार्यवाही करेंगे। एक दो दिन में इनका निरीक्षण कर एक प्रतिवेदन कार्यवाही के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को भी लिखेंगे।

**कैलाश सोनी**, ब्लाक शिक्षा अधिकारी राजगढ़

*7 दिन में डॉक्टर की व्यवस्था नहीं हुई तो धरने पर बैठेंगे*



## अस्पताल में डॉक्टर को लेकर नायब तहसीलदार को दिया ज्ञापन


हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

जनपद पंचायत की सबसे बड़ी पंचायत संडावता जिसकी आबादी लगभग सात हजार है। इतनी बड़ी आबादी वाले संडावता कस्बे में 20 साल पहले एक करोड़ की अस्पताल बिल्डिंग बनी थी वो अब धूल खा रही है। वही वर्ष 2023 में 1 करोड़ 84 लाख से अधिक की नई बिल्डिंग भी सिर्फ पोलियो अभियान के लिए खोली जाती है। लेकिन उसके बाद से यहां न तो कोई डॉक्टर है और न ही कोई नर्स, ऐसे में नगर के गणमान्य नागरिक और ग्रामीण सहित स्थानीय पत्रकारों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर डॉक्टर की व्यवस्था की मांग करते हुए कहा है की सात दिन में डॉक्टर की व्यवस्था न होने पर धरना दिया जाएगा। शनिवार को संडावता ग्रामीण अंचल के पत्रकार और गणमान्य नागरिक टप्पा कार्यालय संडावता में नायब तहसीलदार सुरेश सिंह के कक्ष में पहुंचे और अतिशीघ्र डॉक्टर की व्यवस्था के साथ ही अस्पताल में डिलीवरी पॉइंट शुरू करने की मांग की। इस दौरान गिरिराज गुप्ता, राजेश बैरागी, राहुल गौड़, पवन पाटीदार, मोहन नागर, जगदीश प्रजापति, रामविलास राठोर, फूलचंद अहिरवार ने नायब तहसीलदार को बताया की साल 2001 की बनी बिल्डिंग ध्वस्त होने की कगार पर है।

- संडावता और आसपास के 20 गांव वाले को नहीं मिल रहा इलाज

अब 2023 में एक करोड़ 84 लाख 71 हजार में नई बिल्डिंग बनाई गयी. 5 अगस्त 2023 को बिल्डिंग का लोकार्पण हुआ तो लोगों को उम्मीद थी की अब इलाज भी मिलेगा। लेकिन बिल्डिंग को सिर्फ पल्स पोलियो अभियान अथवा टीकाकरण के लिए ही खोला जाता है. जबकि लोकल संडावता में 7 हजार की आबादी के अलावा आसपास के दो दर्जन गांव जुड़े हुए है। जिनकी आबादी 30 हजार से अधिक है. जिनको छोटे छोटे इलाज के लिए सारंगपुर पचोर अथवा छापीहेड़ा तक जाना पड़ता है. बारिश के दौरान डिलीवरी में बड़ी परेशानी होती है. इलाज समय पर नहीं मिलने से कई महिलाएं मौत के मुंह में समा जाती है। अतः 7 दिन में डॉक्टर की व्यवस्था नहीं हो सकी तो 22 जुलाई से सभी पत्रकार और ग्रामीण गणमान्य धरने पर बैठकर आंदोलन करेंगे।

## करंट लगने से दो भैंस और तीन गायों की अब्दालपुरा गांव में मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

समीपवर्ती अब्दालपुरा गांव में बारिश के दौरान बिजली के खंबे में करंट उतरने से दो भैंस तथा तीन गायों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। करंट लगने से हुए दर्दनाक हादसा के तुरंत बाद किसान के द्वारा सूचना पुलिस थाने में दी गई । जिस पर पुलिस ने गायें एवं भैंस कि हुई इन मौतों के लिए पशु चिकित्सक को पीएम के लिए सुचित कर मामले को जांच में लिया। मिली जानकारी के अनुसार किसान बापूलाल पिता रुघनाथ दाँगी उम्र 50 साल निवासी ग्राम अब्दालपुरा ने अपने भाई रामेश्वर दाँगी के साथ थाना उपस्थित होकर सूचना दी कि मेरे घर के सामने बाड़े में तेज बारिश के दौरान बिजली के खंभे से करंट उतरने से दो भैंस तथा तीन गायों की करंट लगने से मौत हो गई। घटना बीते शुक्रवार की है। किसान ने बताया कि मेरा करीब 2 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने तत्काल पशु चिकित्सक को पीएम के लिए सुचित किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लायंस हेल्पिंग हैंड्स का दो दिवसीय पौधरोपण कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

लायंस क्लब इंटरनेशनल, लायंस हेल्पिंग हैंड्स क्लब अशोकनगर द्वारा दो दिवसीय वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम दिन जिला शिक्षा विभाग पर एवम दूसरे दिन मगरदा टोरिया, पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। डीईओ कार्यालय में डॉ नीरज शुक्ला डीईओ ऑफिसर, कि उपस्तिथि में लायन फिरोज़ सुलताना की अध्यक्षता में करीब 15 पौधे लगाए। क्लब की पूर्व जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन वैशाली सलूजा ने बताया कि पृथ्वी पर जीवन के लिए पेड़ अपरिहार्य हैं। वे ऑक्सीजन, फल और आश्रय प्रदान करते हैं, जो पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। पेड़ जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और हवा को शुद्ध करते हैं, जिससे हमारा ग्रह रहने योग्य बनता है। हममें सासों का कर्ज चुकाना है, हर व्यक्ति को अपने जीवन काल में जितने हो सकें पेड़ लगाने हैं, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ हवा मिल सके।

## गुरु रविदास विश्व महापीठ ट्रस्ट के राष्ट्रीय प्रदेश उपाध्यक्ष बने टेटवाल

**सारंगपुर।** गुरु रविदास विश्व महापीठ ट्रस्ट हरिद्वार द्वारा मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल को गुरु रविदास विश्व महापीठ ट्रस्ट हरिद्वार द्वारा राष्ट्रीय प्रदेश उपाध्यक्ष के पद से नवाजा गया है। इनकी नियुक्ति ट्रस्ट के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष दुष्यंत कुमार गौतम एवं अंतरराष्ट्रीय महामंत्री आत्माराम परमार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष रविदासाचार्य सुरेश राठौर राष्ट्रीय महामंत्री संगठन सूरजभान कटारिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री सुरेश कैरो की अनुशंसा पर टेटवाल को गुरू रविदास विश्व महापीठ के सिद्धान्तो को स्वीकारते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया।



## नपा ने अंत्येष्टि सहायता राशि वितरण की



**जीरापुर।** शासन द्वारा संचालित गरीब कल्याण और सहायता राशि का नगर परिषद द्वारा हितग्राही को वितरित की। हितग्राही मूलक योजना अंतर्गत पात्र लोगों को समय-समय पर शासन की योजनाओं का लाभ मिले। इसी कड़ी में नगर परिषद कार्यालय में शासन की जन कल्याणकारी मुख्यमंत्री संबल योजना के अंतर्गत निकाय के पंजीकृत तीन हितग्राहियों साक्षी सोनी, बदेसिंह सिंह सोंधिया,नीलोफर बी के परिवारजनों की मृत्यु उपरांत इनको अंत्येष्टि सहायता राशि 5000 पांच हजार रुपए प्रति हितग्राही के मान से 15 हजार रुपए नगद राशि मृतको के परिवारजनों को अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह द्वारा प्रदान की गई। इसी के साथ-साथ नो हितग्राहियों को खाद्यान पात्रता पर्ची भी वितरित की गई। इस अवसर पर पार्षद बंकट माहेश्वरी,संजय भावसार, कुशल कुशवाह, कमल झावा सहित मुख्य नपा अधिकारी मेहमूद अली खान, देवनारायण दांगी, कमल भावसार, नीरज मालवीय एवम अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दूसरे दिन शव गडगच बटेड़िया नदी से मिला

## तेज बारिश से रपटे पर पानी आने से टुटियाहेड़ी में 20 वर्षीय युवती बही

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

समीपवर्ती ग्राम टुटियाहेड़ी के रपटे से गांव जाने वाले रास्ते में 20 वर्षीय युवती बह गई। नदी पर बने रपटे से गांव जाने का रास्ता है। प्रतिदिन की तरह ग्रामीण रपटे से गांव जाते हैं लेकिन अचानक तेज बारिश के कारण रपटे पर पानी आ गया ओर तेज बहाव ने युवती को अपनी चपेट में ले लिया। जैसे ही युवती अपने माता-पिता के साथ रपटा पार कर रही थी तेज बहाव के कारण वह बहने लगी । जिसे बचाने का प्रयास पिता द्वारा किया गया लेकिन तब तक युवती बह चुकी थी। जानकारी के मुताबिक ग्राम टुटियाहेड़ी निवासी मंजू पिता विजय सिंह जाति सोंधिया 20 वर्ष शुक्रवार शाम को अपने ग्राम टुटियाहेड़ी की पुलिया के रपटे को पार कर रही थी जोकि अपने खेत से लोट रहे थे।उस दौरान माता पिता बैल को लेकर साथ आ रहे थे जैसे ही मंजू बहनें लगी पिता ने कोशिश की लेकिन नाकामयाब रहे। जैसे ही युवती बहने के सुचना प्रशासन को लगी। वह भी मौके पर पहुंचे। शनिवार को मौके पर एसडीओपी आनन्द राय, नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ राजस्व टीम द्वारा सर्चिंग की गई इस दौरान गोताखोर ने युवती को खोजा जो गडगच बटेड़ियां कि नदी से शव मिला, जिसे माचलपुर लाया गया जहां पोस्ट मार्टम किया गया।



## एक पेड़ मां के नाम अभियान, मॉडल स्कूल में रौपा कल्पवृक्ष का पौधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को मॉडल स्कूल में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर बतौर अतिथि विधायक मोहन शर्मा मौजूद रहे। जिन्होने पिछली कक्षाओं में अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं को पुस्कृत करते हुए उन्हे आगे भी मन लगाकर पढ़ने की बात कही। इस दौरान स्कूल परिसर में पौधरोपण अभियान चलाकर विधायक ने कल्पवृक्ष का पौधा रोपा। वही परिसर में अन्य पौधे भी लगाए गए। मौजूद सभी लोगों ने पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प भी दोहराया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह राठौड़, भरत झंवर, अनिल बिहानी, रिंकू जाट, देवेन्द परमार, विभोर वर्मा, दिनेष नागर, कपिल वैध, मनोज जड़िया, अभिषेक गुप्ता, पं. दिलीप शर्मा, राजकुमार वर्मा सहित स्कूल प्राचार्य बीडी सक्सेना, महेन्द्र हाड़ा, अमित बंधु, प्रभातकांत शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।



## मंदिर के जीर्णोद्धार पर धार्मिक कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

नगर के चंपी मोहल्ला स्थित सोठेवाले हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य पूर्ण होने पर मंदिर समिति द्वारा दो दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन सम्पन्न किए जा रहे है। इसी कड़ी में शनिवार को मंदिर में विषेष पूजा अर्चना उपरांत कलष यात्रा निकाली गई। जो प्रातः 11 बजे मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची जहां महाआरती सम्पन्न की गई। बैंडबाजो के साथ निकली कलष यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर अपने सिर पर कलष लेकर मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं। वहीं पुरूष वर्ग भगवान के जयकारे लगाते चल रहे थे। शाम को मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। वही आज रविवार को यज्ञ पूर्णाहुति और भंडारा महाप्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। कलष यात्रा में विधायक मोहन शर्मा सहित बड़ी संख्या मे में मंदिर श्रृद्धालु सम्मिलित हुए।



## लायंस क्लब ने किया पौधरोपण




हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

लायंस क्लब सारंगपुर द्वारा तहसील परिसर में स्थित लायंस गार्डन में पौधारोपण किया। जिसमें लगभग पच्चीस फलदार एवं छायादार पोधे पीपल, आम, पपीता, शीशम, नीम, बरगद, गुड़हल आदि का रोपण किया। इस अवसर पर पर्यावरण समिति सारंगपुर का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन प्रभा पालीवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया की प्रत्येक व्यक्ति को जन्म से लेकर मृत्यु तक लकड़ी की आवश्यकता पड़ती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पांच पेड़ अवश्य लगाना चाहिए, क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन ओ.पी. विजयवर्गीय ने भी पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान लायन राजेंद्र पालीवाल, महेश शर्मा, ममता शर्मा, मोहम्मद मंसूरी, निलेश वर्मा, विजय बारकिया, प्रदीप जोशी, अंजलि जोशी, विनय मकोडिया, दिनेश राठौर, अनिमेष जैन, सहायक मदनलाल पर्यावरण समिति से नंदकिशोर सोनी, रामनारायण टेटवाल, जयहिंद दुबे, राजेंद्र टेटवाल आदि उपस्थित थे।

### पलकिन करोड़िया बनीं चार्टर्ड अकाउंटेंट

**जीरापुर।** नगर के मेड़तवाल समाज के करोडिया परिवार कि बेटी चार्टर्ड अकाउंटेंट बनी। किरण व्यवसाय ओम प्रकाश करोड़िया की पुत्री पलकिन के सीए बनने पर समाज बंधुओं एवं परिवार जनों ईष्ट मित्रों ने पलकिन के उज्जवल भविष्य कि कामना करते हुए बधाई दी। मेड़तवाल समाज के मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के अलग-अलग ग्राम,नगर,शहर से यह योग्यता हासिल की है। जिसमें लगभग 22 बच्चों ने अपनी योग्यता का परिचय देते हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट बने। इनमें पलकिन करोडिया, चिराग गुप्ता, शिवानी गुप्ता जीरापुर के रहने वाले हैं।



### पिछले साल भी जिले में मानसून की बेरुखी के चलते बारिश कम हुई

# रुक-रुक कर हो रही बारिश, नदी और डैम पड़े खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाजापुर

जिले में रुक-रुक कर हो रही वर्षा से अभी नदी और तालाब और डैम खाली पड़े हैं। वहीं जिले के शुजालपुर तहसील में भी पहले 8 से 10 दिन में नलों से पानी दिया जाता था अभी दो दिन छोड़कर पानी दिया जा रहा है। एक जून 2024 से अब तक शाजापुर में 229 मिमी, मो. बड़ोदिया में 207, शुजालपुर में 257, कालापीपल में 428, गुलाना में 122, पोलायकलां में 120 एवं अ.बड़ोदिया में 177, इस प्रकार जिले में 220.1 मिमी औसत वर्षा हुई है। एक साल के लिए जिले को करीब 990.1 मिमी बारिश की जरूरत होती है।

हालांकि अभी जिले में कालीसिंध, लखुंदर, नेवज, पार्वती, चीलर जैसी नदियां में पानी की धार अब चलने लगी है। चीलर डैम खाली है, वहीं शुजालपुर के इलाके के सभी 22 स्टाप डैम और 21 तालाब में से हिमलेश्वर, जेठडा, भान्याखेड़ी लगभग खाली हैं। हालांकि वर्षा की रिमझिम रफ्तार के कारण स्थानीय नदियों की धार भी अब चलने लगी है। शुजालपुर और कालापीपल तहसील के सभी 22 स्टाप डेम के गेट सितम्बर माह में बंद किए जाते है, इसलिए वे खाली हैं। 18 तालाब में पानी का भराव बढ़ रहा है। स्टाप डेम अवंतीपुर बड़ोदिया,कोठड़ी,बोल्दा, बिनाया, देवनखेडी, पीली करार पार्वती, बांकाखेड़ी-डुंगलाय, तिलावद, कश्मीरी स्टाप डेम, खेड़ा रायपुर, बापचा, पारदाखेड़ी, झुंडी, बंजारी सहित सभी 22 स्टाप डैम में अभी तक पानी स्थायी रूप से संग्रहीत नहीं हो सका है।



#### 46 मीटर नीचे चल गया भू जल स्तर

पीएचई विभाग के अनुसार जिले में अभी भू जल स्तर 46 मीटर नीचे चल गया है। अभी भू जल स्तर में कोई बदलाव नहीं हुआ है। शहर की करीब एक लाख आबादी की जलापूर्ति का मुख्य स्त्रोत चीलर बांध है। शहर में प्रतिदिन 10 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है। वर्ष 2023 में चीलर डैम में करीब 17 फीट तक ही भर पाया था, जबकि एक साल के लिए पेयजल और सिंचाई की पूर्ति के लिए डेम में 23 फीट पानी की जरूरत होती है। पिछले साल भी जिले में मानसून की बेरुखी के चलते बारिश कम हुई और चीलर बांध में इस बार 17 फीट पानी जमा हुआ था। टुकड़ों-टुकड़ों में हुई बारिश की वजह से पेयजल स्त्रोत जैसे डैम-तालाब लबालब नहीं भर सके। इस वर्ष भी कम बारिश के कारण हालात बेहद अधिक भयावह दिखाई दे रही हैं।

## खबर संक्षेप

### रामपुरा बीट में वन रक्षकों ने लगाए पौधे



**खाचरोद।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत रोल गांव सर्किल के अंतर्गत आने वाली रामपुरा बीट पर वनरक्षक निवास पर वनरक्षक दीपेश राठौर रामपुरा, ग्राम पंचायत सरपंच महेंद्र सिंह ठाकुर, वन समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल, उप सरपंच प्रतिनिधि संतोष पाटीदार, सुरक्षा श्रमिक शरीफ खान, शेर सिंह, धन सिंह, दीपक गोपाल की उपस्थिति में वनरक्षक निवास पर बड, जमुना, शीशम के पौधे रोपे गए। वही वनरक्षक दीपेश राठौर, सरपंच महेंद्र सिंह ठाकुर, वन समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल ने सभी ग्राम वासियों से अपने घर व खेत पर एक-एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा कर पेड़ बनाने की अपील की।

### पौधरोपण अभियान को लेकर हुई प्रांतीय बैठक

**जावर।** भोपाल विद्या भारती द्वारा मार्गदर्शित ग्राम भारती शिक्षा समिति मध्य भारत प्रांत द्वारा आयोजित पर्यावरण संरक्षण अभियान की प्रांतीय ऑनलाइन बैठक सानंद सम्पन्न हुई। आयोजित हुई बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय प्रभारी प्रहलाद सिंह घुरैया ने कहा कि पूरे प्रांत में पौधारोपण जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में हम सभी का सहयोग मिलेगा तब ही हमारा प्रयास पूर्ण सफल होगा। पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाए और जनभागीदारी से अपने इस कार्यक्रम को गांव गांव तक पहुंचाया जाए। दतिया से पूर्व जिला प्रमुख उमाकांत भार्गव ने कहा कि ग्राम भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान एक सराहनीय पहल है हमारा संगठन भी पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत अनेकों प्रकार के पौधे लगाकर उनकी उचित देखभाल कर रहा है। आप सब भी पौधरोपण करें और हरियाली बढ़ाएं। ग्वालियर से पूर्व प्राचार्य डॉ नरेश त्यागी ने कहा कि पौधरोपण करना हम सबका कर्तव्य है। अतः समाज की सहभागिता सुनिश्चित कर जगह जगह पर पौधरोपण करते हुए उनके संरक्षण की जिम्मेदारी एक व्यक्ति को दी जानी चाहिए।

### भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा में सांसद और विधायक भी हुए शामिल

# इस्कान ने श्री जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा देवी की नगर में निकाली रथ यात्रा

रथ यात्रा शहर के गायत्री मंदिर से शुरू हुई जो की पुराना भोपाल इंदौर मार्ग, भोपाल नाका, कन्नौद रोड, कॉलोनी चौराहा होते हुए निकली।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

रविवार को इस्कान द्वारा श्री जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा देवी की विशाल रथ यात्रा निकाली रथ यात्रा शहर के गायत्री मंदिर से शुरू हुई जो की पुराना भोपाल इंदौर मार्ग, भोपाल नाका, कन्नौद रोड, कॉलोनी चौराहा होते हुए निकली ।बता दे की आष्टा शहर में इस्कान की यह पहली रथ यात्रा निकाली है, रथयात्रा ऐतिहासिक निकाली रथ यात्रा में क्षेत्रीय सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार, डॉ मीना सिंगी सहित समाजसेवी संस्थाएं, जनप्रतिनिधि, शहरवासी शामिल हुए।इस्कान मन्दिर उज्जैन के उपाध्यक्ष पूज्य धीर गौर स्वामी ने आज नगर में निकली इस्कान रथयात्रा के अवसर पर श्रद्धालुओं से कहा कि कृष्ण भक्ति हमारी आत्मा को आल्हाद से भर देती है। इनकी लीला न्यारी भी है और प्यारी भी। भगवान श्री कृष्ण का जितना स्वरूप प्यारा है उनका ही निराला उनका प्रेमोद्दीपक दर्शन है। श्री कृष्ण विज्ञान भी हैं और कला भी । सर्व प्रिय भगवान कृष्ण ज्ञान, कला और प्रेम के प्रतीक हैं उनके द्वारा प्रदत्त ज्ञानोपदेश हमे जीने की कला सिखाता है और जीवन की नश्वरता का बोध भी कराता है । कृष्ण भक्ति से शांति सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है । नगर में इस्कान द्वारा रथयात्रा की परंपरा शूरू होने से नागरिकों में हर्ष देखा गया और बड़ी संख्या में शहर के नागरिक रथ यात्रा में शामिल हुऐ और कई स्थानों पर इस रथ यात्रा का भी स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर में इस्कान के प्रमुख सहयोगी संदीप सोनी, इनर व्हील संस्था की पूर्व उपाध्यक्ष हेमलता सोनी, मारवाड़ी नामदेव छिपा समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी अनिल भाटी आदि उपस्थित थे ।



# कीटनाशक छिड़काव के बाद अब तेज बारिश की जरूरत

### बारिश नहीं होने से किसानों की बढी चिंता



**जावर।** खेतों में उगी खरपतवार को हटाते हुए किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

क्षेत्र में खरीफ की बोवनी ठीक तरीके से हो गई है इस साल किसानों द्वारा बोया गया बीच ठीक से अंकुरित हो गया है किसी भी किसान को दोबारा से भवानी करने के नौबत नहीं आई है खेतों में खरपतवार को नष्ट कर दें के लिए किसानों द्वारा दवाई का छिड़काव भी कर दिया है लेकिन अब किसानों को बारिश का इंतजार है क्योंकि अब फसल की ग्रोथ का समय है इस समय क्षेत्र में 25 दिनों से अधिक की फसल हो चुकी है क्षेत्र में अभी तक झमाझम बारिश नहीं होने के कारण नदी नाले तालाब भी सूखे पड़े हैं बारिश नहीं होने और ऊपर से गर्मी उमस होने से लोग परेशान हो रहे हैं। किसान लखन सिंह ठाकुर ने बताया कि बोवनी ठीक से हो गई है। बीज भी अंकुरित हो गया है। किसानों द्वारा खेतों में दवाई का छिड़काव व डोरे भी कर दिया गया है, लेकिन अब फसल को पानी की जरूरत लगने लगी है। जिन खेतों में कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया गया है उन खेतों की फसल को पानी की शक्ति जरूर लगने लगी है, बारिश कम होने का नतीजा है कि अभी तक नदी नालों व तालाब में पानी तक नहीं आया है बारिश नहीं होने के कारण व फसल पीली पड़ने लगी है जुलाई का आधा माह बीतने को आया लेकिन अभी तक क्षेत्र में पर्याप्त बारिश नहीं हुई है।

# शहर सहित अंचल में करीब दो घंटे तक झमाझम बारिश, सड़कों पर भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शनिवार शाम 6 बजे से आष्टा क्षेत्र में झमाझम बारिश हो रही है बारिश से पूरा क्षेत्र तरबतर हो गया है किसानों को इस समय फसलों में पानी की आवश्यकता थी और आज का पानी ने किसानों को राहत दी है। 1 जून से 12 जुलाई तक आष्टा में 189.0, जावर में 164.3, मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।दरअसल 5 दिनों से क्षेत्र में बारिश नहीं हो रही थी जुलाई का आधा महा बीत गया लेकिन दो-तीन दिन ही पानी गिरा लोगों ने बोवनी भी समय पर कर दी थी बस बारिश का इंतजार था, शनिवार को बारिश हुई 5 बजे के लगभग मौसम बदला बादल छाए और 6 बजे से बारिश का दौर शुरू हुआ आज हुई बारिश से सबसे ज्यादा किसानों को फायदा हुआ है। बोवनी समय पर हुई थी बस झमाझम बारिश का इंतजार था इस बार भी आष्टा क्षेत्र में समय पर मानसून तो आ गया था और किसानों ने बोवनी भी कर दी थी, लेकिन इस बार बारिश रुक-रुक कर हो रही थी अब जाकर झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ हैं। आज हुई बारिश से सबसे ज्यादा फसलों को फायदा हुआ है क्योंकि बोवनी कार्य करे हुए 20 से 25 दिन हो गए थे और इस समय पानी की आवश्यकता थी।



# सिद्ध पीठाधीश्वर महाराज का आज होगा नगरआगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



खेतेश्वर धाम से अमरकंटक जा रही यात्रा धर्म की प्रभावना और मानव मात्र के कल्याण की भावना से सिद्ध संकल्प यात्रा निकाल रहे सिद्धपीठाधीश्वर तुलजाराम महाराज साहब का सोमवार नगर में आगमन होगा। खेतेश्वर ब्रह्मधाम तीर्थ आसोतरा राजस्थान से चातुर्मास हेतु अमरकंटक जा रहे महाराज तुलसाराम जी अपने संघ के साथ कल 11 बजे पधारेंगे । बस स्टैंड से कन्नौद रोड होते हुए उनकी शोभायात्रा राठौर धर्मशाला वार्ड क्रमांक 17 में पहुंचेगी । जहां पर महाराज अपना दर्शन एवं प्रवचन लाभ देंगे। उनके साथ लगभग 50 वाहनों का काफिला है । बताते चलें कि खेतेश्वर ब्रह्म धाम देश के प्रमुख सिद्धपीठों में शामिल है । यहां पुष्कर के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा ब्रह्माजी के मंदिर है । ब्रह्मा के साथ यहां सवित्री की प्रतिमा भी प्रतिष्ठित है । इस सिद्धपीठ की दिव्यता और भव्यता अलौकिक है। स्थानीय राजपुरोहित परिवार मेहताब सिंह स्वरूप सिंह बीकानेर ने उनके अगवानी और मेजबानी की भव्य व्यवस्था की है । प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, समाजसेवी प्रसन्न कुमार बनवट, संघ के महासचिव प्रदीप प्रगति, पार्वती धाम गोशाला के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा, पूर्व पार्षद शैलेश राठौर, संजय जैन किला, सुनील प्रगति सहित सिद्ध पीठाधीश्वर के भक्तगण आदि ने नगर के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि महाराज की अगवानी में सम्मिलित होकर शोभायात्रा का भव्य स्वागत कर धर्म लाभ लेवें।

# बारिश के बाद बदहाल सड़कें हुईं जानलेवा, जगह जगह सड़क पर गड्ढों से लोग हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर की प्रमुख सड़के पहली बारिश में ही बदहाल अवस्था में पहुंच गई है। अधिकांश सड़कों पर गड्ढे हो गए है, इनमें गिरकर वाहन चालक घायल हो रहे है। अभी तक नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। नागरिकों ने कम से कम संबंधित विभाग से गड्ढे को ठीक करने की मांग की है ताकि दुर्घटनाएं घटित ना हो। बता दें कि शहर के कई वार्डों की सड़के जर्जर अवस्था में पहुंच गई है, इन मार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। कई मार्गों पर तो लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। इसके साथ ही गड्ढे के कारण आए दिन हादसे हो रहे है। कई बार नागरिकों ने नगर पालिका के जिम्मेदारों को समस्या से अवगत करा दिया लेकिन अभी तक ध्यान नहीं दिया।

### नगर के इन मार्गों की खस्ता हालत

शहर के पुराना भोपाल इंदौर मार्ग के दरगाह के पास जानलेवा गड्ढे आए दिन हादसे का कारण बन रहा है। अस्पताल चौराहा से लेकर खारीकुंडी तक सड़क उखड़ी पड़ी है। पुराना बस स्टैंड के पास में हाईवे पर जानलेवा गड्ढे में आए, दिन वाहन चालक अनियंत्रित होकर घायल हो रहे हैं। प्रगति गली, बड़ा बाजार ,सब्जी मंडी मार्ग,परदेसी पुरा, कसीपुरा सहित कई वार्डों में पहली बारिश में ही सड़कें उखड़ गई है। अब लोग इन सड़कों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठा रहे हैं क्योंकि इन सड़कों को बने हुए ज्यादा समय नहीं हुआ है।

### खस्ताहाल और जानलेवा गड्ढे को नपा ठीक कराए

नागरिक फैजुद्दीन, शैलेश शर्मा ने बताया कि शहर की सड़कें उखड़ी पड़ी है और नगर पालिका का इस ओर ध्यान नहीं है। स्कूल के समय बच्चे जान जोखिम में डालकर निकलते हैं। इन गड्ढे के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। नगरपालिका को तुरंत उखड़ी सड़कें और गड्ढे ठीक करने चाहिए ताकि दुर्घटनाएं न हो। नगर पालिका के सीएमओ राजेश सक्सेना ने बताया कि बारिश के कारण सड़कों को नुकसान हुआ है, जहां-जहां गड्ढे हो गए हैं, जल्दी मरम्मत कराई जाएगी।

# हर व्यक्ति अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ और अपने पूर्वजों की स्मृति में एक पौधा अवश्य रूप से लगाएं: जगदीश पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नवांकुर संस्था भीलखेडी सड़क द्वारा नगर परिषद कोठरी में माते श्री बाग में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया।

मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान को जन का अभियान बने और हर व्यक्ति अपने जन्म दिन,वैवाहिक वर्षगांठ ,अपने पूर्वजों की स्मृति में एक पोधा अवश्य रूप से लगाएं। कार्यक्रम में यह विचार वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्री जगदीश पटेल ने पौधरोपण के दौरान अपने विचार सांझा किए और पौधो को सुरक्षत रखने का संकल्प भी दिलाया।



पौधरोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित थे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक श्री भगवत शरण लोधी , नवांकुर संस्था प्रभारी राधेश्याम वर्मा, मेंटर्स श्री मुकेश राठौर,नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष संतोष मडलोई सचिव नरेंद्र वर्मा, बने सिंह मालवीय, माखन चंद्रवंशी एवम अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### विधानसभा के समग्र विकास को लेकर विधायक ने मुख्यमंत्री को सौंपा विजन डॉक्यूमेंट

# 100 करोड़ के विकास कार्यों की बनेंगी योजनाएं: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में अपने निवास पर भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के सभी विधायको से चर्चा की। सभी विधानसभाओं में आगामी 4 वर्षों में समग्र विकास के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विधायको को अपने विधानसभा क्षेत्र का विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने को कहा है । बैठक में पहुचे आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा का विजन डॉक्यूमेंट मुख्यमंत्री को सौंपा जिसमे उन्होंने आष्टा में ट्रामा सेंटर, गर्ल्स कॉलेज, पॉलिटेक्निक कालेज, पार्वती थाने का भवन, नगर के सभी चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, ग्रामीण क्षेत्रो में सड़के, आष्टा नपा, जावर कोठरी नप में अधोसंरचना से समग्र विकास,खेत सड़क योजना से सड़के,गोशालाओं का निर्माण, स्टेडियम, जावर को विकास खंड का दर्जा,41 पंचायतों के भवन, छूटे 29 ग्रामो को नर्मदा पार्वती लिंक योजना में शामिल करने, जैसे अनेक कार्यो, योजनाओं के डॉक्यूमेंट्स सौंपे। मुख्यमंत्री ने कहा लक्ष्य प्राप्ति के लिए समय-सीमा और जिम्मेदारियां भी निर्धारित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि डॉक्यूमेंट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, स्वच्छता, बुनियादी ढांचे और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुधार करके क्षेत्र के नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने पर फोकस किया जाए। एक जिला एक उत्पाद योजना से रोजगार के अवसर प्रदान करने को भी शामिल करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के विधायकों की बैठक को संबोधित किया। बैठक में



सांसद वीडी शर्मा, मंत्रीगण, विधायक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। संबंधित जिलों के अधिकारी वर्चुअली जुड़े। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया की मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉक्यूमेंट में विधायकगण 100 करोड़ रुपए राशि के कार्य शामिल कर सकते हैं। इसमें 40 करोड़ रुपए विधायक निधि, सांसद निधि, जन-भागीदारी, सीएसआर, रिडेंसीफिकेशन एवं अन्य रिडेवलपमेंट मद से प्राप्त किए जाएंगे। शेष 60 करोड़ की राशि राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 15 करोड़ जारी कर उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक विधायक अपनी विधानसभा में कलेक्टर के सहयोग से उद्योगों के लिए भूमि आरक्षित कराएं और औद्योगिक क्षेत्र घोषित करके उद्योग लगवाए जाएं। कुटीर, लघु और वृहद उद्योग के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित एक पेड़ माँ के नाम के आव्हान को अभियान का स्वरूप प्रदान किया जाए। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया गया है इस अभियान का कार्य निरंतर जारी रहना चाहिए। सभी विधायक क्षेत्र में पंचायत स्तर तक प्रवास कार्यक्रम बनाएं। कार्यक्रम में जन-समस्या निवारण शिविर आवश्यक रूप से शामिल करें। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व में बने कांजी हाउस की जगह गोशालाएं स्थापित की जाएं। इसके लिए प्रति गोवंश 40 रुपए की राशि दी जाएगी। नई गोशालाओं में दूध उत्पादन वाले गोवंश भी रखे जाएं और उनसे प्राप्त दूध बेचा जाए। ग्राम पंचायत स्तर पर बनी गोशालाओं को स्वसहायता समूह,पंचायत या एनजीओ के माध्यम से चालू करवाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संसद ने तीन नए ऐतिहासिक कानून क्रमशः भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 बनाकर न्याय प्रणाली में क्रांतिकारी परिवर्तन का कदम उठाया है। नए कानूनों का लगातार अध्ययन करें और उनकी जानकारी आमजन को कार्यक्रमों के माध्यम से दी जाए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आंगनबाड़ी, उषा- आशा कार्यकर्ताओं, पंचायत सचिवों और पंचायत के पदाधिकारियों इत्यादि को आयुष्मान योजना की पात्रता से जोड़ा गया है। इनका जिन अस्पतालों में आयुष्मान की सुविधाएं हैं वहां उचित उपचार किया जाए। प्रदेश में बंटवारा, नामांतरण और सीमांकन अभियान के अंतर्गत 30 लाख प्रकरणों का निपटारा किया गया है। 15 जुलाई से पुनः यह अभियान चालू किया जाएगा। विधायक इस अभियान के अंतर्गत जनता से जुड़कर अधिक से अधिक समस्याएं निपटाएं।

दीनदयाल रसोई के माध्यम से गरीबों को भोजन दिया जा रहा है। उन्होंने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि सभी बड़े अस्पतालों में भी दीन दयाल रसोई का काउंटर खोला जाए। जिससे बीमार के परिजनों को भोजन की व्यवस्था हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकेंद्रीयकरण की तरफ कदम बढ़ा रही है। राज्य सरकार विधायकों के अधिकारों को और अधिक बढ़ा रही है। जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि विधायकों के साथ मिलकर जिलों का विकास करें ।

# मार्ग व्यवस्थित करने नपा प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बारिश के मौसम में नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसी उद्देश्य को लेकर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा अपने साथ सीएमओ राजेश सक्सेना सहित अन्य कर्मचारियों को लेकर नगर भ्रमण पर निकले। जहां उन्होंने नगर के मुख्य मार्ग बुधवारा रोड़, बड़ा बाजार, अस्पताल रोड़, जुम्मापुरा सहित अन्य रोड़ों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां भी रोड़ों पर गड्ढे है, उन्हें त्वरित दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए। मुस्लिम धर्मावलंबियों का मुख्य त्योहार मोहर्रम को दृष्टिगत रखते हुए मोहर्रम चल समारोह जुलूस मार्ग स्थित रोड़ का भी निरीक्षण किया, जिसके तहत नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने नपा कर्मचारियों से कहा कि जुलूस मार्ग के प्रत्येक रोड़ के गड्ढे त्वरित व्यवस्थित तरीके से भरे जाए, वहीं नाला-नालियों की उचित सफाई हो, ताकि चल समारोह में शामिल नागरिकों को आवागमन में परेशानियों का सामना नही करना पड़े। साथ ही श्री मेवाड़ा ने रांका धर्मशाला स्थित नागरिकों की सुविधा के लिए शौचालय रखने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ राजेश सक्सेना, पार्षद रवि शर्मा, विशाल चौरसिया, मनीष श्रीवास्तव, विनोद सांगते, संजय शर्मा, अफसर खान, कैलाश घेंघट, आकाश चौहान आदि मौजूद थे।